# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल)

**UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)**


**पत्रांकःयू0ओ0यू0/परीक्षा/411(11)/2020/** **दिनांक 20/05/2020**

## माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 20 मई 2020 को सम्पन्न परीक्षा समिति की ग्यारवीं बैठक का कार्यवृत्त

**बैठक में निम्न ने प्रतिभाग किया:—**

1. प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी, कुलपति, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — अध्यक्ष
2. प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल, निदेशक, मानविकी उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — सदस्य
3. प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, निदेशक, प्रबंध अध्ययन उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — सदस्य
4. प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे, निदेशक समाज विज्ञान उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — सदस्य
5. प्रोफेसर, दुर्गेश पंत, निदेशक कम्प्यूटर साइंस उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — सदस्य
6. डा0 गगन सिंह, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी — सदस्य
7. डॉ0 सूर्यभान सिंह, सा0प्रा0, राजनिति विज्ञान,उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — सदस्य
8. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, परीक्षा नियंत्रक उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — सदस्य सचिव
9. श्री भरत सिंह, कुलसचिव, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — आमंत्रित सदस्य
10. श्रीमती आभा गर्खाल, वित्त नियंत्रक उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — आमंत्रित सदस्य
11. श्री विमल कुमार मिश्र, उपकुलसचिव उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — आमंत्रित सदस्य
12. डा0 जितेन्द्र पाण्डे, प्रभारी, आई0सी0टी, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — आमंत्रित सदस्य
13. डा0 मौ0 अकरम, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — आमंत्रित सदस्य
14. डा0 कल्पना पाटनी, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — आमंत्रित सदस्य
15. श्री पंकज कुमार, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — आमंत्रित सदस्य
16. श्री नवनीत महरा, तकनीकि परामर्शदाता, उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी — आमंत्रित सदस्य

सर्वप्रथम परीक्षा नियंत्रक (सदस्य सचिव, परीक्षा समिति) द्वारा कुलपति (अध्यक्ष, परीक्षा समिति ) तथा सभी उपस्थित सदस्यों का परीक्षा समिति की 11वीं बैठक में स्वागत किया गया।

तदुपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा संबंधित प्रस्तावों पर विचार हेतु सदस्यों को आमंत्रित किया जिस पर बैठक में प्रस्ताववार चर्चा की गयी तथा निम्न संस्तुति प्रदान की गई :

**प्रस्ताव–11.1 दसवीं बैठक दिनांक 29 जनवरी 2020 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

परीक्षा समिति की दसवीं बैठक दिनांक 29 जनवरी 2020 के कार्यवृत्त का परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया।

**प्रस्ताव–11.2 परीक्षा समिति की दसवीं बैठक दिनांक 29 जनवरी 2020 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही**

परीक्षा समिति की दसवीं बैठक दिनांक 29 जनवरी 2020 की कृत कार्यवाही की जानकारी परीक्षा नियंत्रक द्वारा समिति को विस्तृत रूप में दी गई जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

**प्रस्ताव–11.3 जून–जुलाई 2020 में प्रस्तावित परीक्षाओं के संबंध में।**

प्रस्ताव पर विचारोपन्त विश्वविद्यालय की जून–जुलाई वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाएं दिनांक 6 जुलाई 2020 से कराये जाने पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई। वर्तमान में फैलते कोरोना वाइरस के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की परीक्षाओं को ही आयोजित कराये जाने पर प्राथमिकता दी गई । इन परीक्षाओं के आयोजन में निम्न बिन्दुओं का पालन करते हुए परीक्षाएं सम्पादित कराये जाने पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।

1. यह परीक्षाएं कुल 02 घंटों में सम्पादित कराई जायेंगी। ( जिसमें प्रश्नपत्र का प्रारूप जैसे 80 अंक के प्रश्नपत्र में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न कुल 02 व लघु उत्तरीय प्रश्न कुल 04 करने होगें)
2. परीक्षार्थी द्वारा दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर कुल 250 से 300 शब्दों में और लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर कुल 150 से 200 शब्दों में लिखे जायेंगे।
3. परीक्षार्थी संख्या 100 से कम होने पर उक्त परीक्षा में उन केन्द्रों को परीक्षा केन्द्र नही बनाया जायेगा।

**प्रस्ताव–11.4 अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यकीय प्रस्ताव**

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के अनुदेशों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य (Assignment) प्रवेश सत्र जुलाई 2020–21 से ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से (परीक्षा व मूल्यांकन) कराये जाने पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई। इस प्रकरण पर निदेशक अकादमिक की अधयक्षता मे एक समिति गठित की गई है

(i) निदेशक अकादमिक अध्यक्ष
(ii) निदेशक समस्त विद्याशाखा सदस्य
(iii) निदेशक क्षेत्रीय सेवाएं
(iv) प्रभारी प्रभारी प्रवेश सदस्य
(v) प्रभारी आई0सी0टी0 सदस्य
(vi) परीक्षा नियंत्रक सदस्य सचिव

समिति द्वारा समस्त विद्याशाखाओं के निदेशक व समन्वयक, निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं, आई0सी0टी0, प्रवेश व परीक्षा के सदस्यों की एक बैठक अतिशीघ्र आयोजित करा के उसके निति निर्धारण की प्रक्रिया को आगामी विद्यापरिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाए। ऑनलाइन सत्रीय कार्य परीक्षा/मूल्यांकन प्रक्रिया की भांति विश्वविद्यालय की अन्य परीक्षाओं को ऑनलाइन कराये जाने पर परिस्थितिनुसार विचार किया जायेगा। **(कार्य सम्पादन निर्देशक अकादमिक स्तर पर)**

2. **अध्याय –चार** परीक्षाओं का संचालन तथा परीक्षकों की नियुक्ति के निबंध एवं शर्ते [धारा 32 (2) (ख) के अधीन में **बिन्दु 02 के 02** में आशिंक संशोधन ..................सत्रीय कार्य की परीक्षा व मूल्यांकन केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही सम्पादित होगी। अपरिहाय परिस्थितियों में कुलपति महोदय द्वारा सत्रीय कार्य मूल्यांकन पर निर्णय लिया जायेगा। **(कार्य परीक्षा नियंन्नक स्तर पर)**

3. विश्वविद्यालय की एक सत्र की परीक्षा में प्रति परीक्षक (वाहय/आन्तिरिक) को पारिश्रमिक धनराशि के रूप में (प्रश्नपत्र निर्माण,मोडरेशन, उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन व परियोजना/लघु शोध मूल्यांकन एवं प्रयोगात्मक परीक्षा व मौखिक परीक्षा) रू0 20000 तक का अधिकतम भुगतान किए जाने पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई। प्रति परीक्षक (वाहय/आन्तिरिक) को अधिकतम 600 लिखित परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं ही मूल्यांकन हेतु प्रदान की जायेगी। अपरिहार्य परिस्थितियों में कुलपति जी द्वारा स्थिलता दी जा सकती है।**(कार्य सम्पादन परीक्षा नियंन्नक स्तर पर)**
4. वर्तमान सत्र 2019–20 के सत्रीय कार्य जमा करने की अन्तिम तिथि को 15 जून 2020 तक विस्तारित करने हेतु समिति द्वारा प्रवेश अनुभाग को निर्देशित किया गया। **( कार्य सम्पादन प्रभारी प्रवेश स्तर पर)**

बैठक के अन्त में सभी सदस्यों का सचिव, परीक्षा नियंत्रक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का समापन किया गया।

21.5.2020

**सदस्य सचिव**
**परीक्षा समिति**

**अध्यक्ष,**
**परीक्षा समिति**
21/5/2020